तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 6 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा पहले करेगी प्रभारी की नियुक्ति



11 ट्रायल के बाद अभनपुर लोकल ट्रेन को अब 'तिथि ...



## खबर संक्षेप

### मानव सेवा समिति ने चलाया सफाई अभियान



**बालोद।** वर्ष की शुरुआत स्वच्छता अभियान के साथ के तहत पूज्य सतपाल महाराज जी की प्रेरणा से मानव सेवा दल समिति द्वारा बालोद शहर में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन साहू, पुलिस अधीक्षक भगत, भाजपा नेता रवि प्रकाश पांडे सहित पत्रकार बंधु व मानव सेवा दल समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### सालभर बाद भी तेन्दुपत्ता संग्राहक को नहीं मिली बीमा की राशि

**बालोद।** ग्राम पंचायत बैहाकुंआ निवासी शत्रुहन सिंह पिता बुधारू राम ने वर्ष 2023 की तेन्दुपत्ता बीमा राशि दिलाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।



ग्राम व ग्राम पंचायत बैहाकुंआ पोस्ट भरदा, तहसील डौण्डीलोहारा निवासी शत्रुहन सिंह जाति हल्बा ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उसके नाम से वर्ष 2023 तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक कार्ड बना हुआ था, जिसकी सदस्यता में उसकी बहन धर्मिन का नाम जुड़ा हुआ था। उसकी बहन की मृत्यु 20 जुलाई 2023 को हो जाने के कारण वह तेन्दूपत्ता बीमा राशि का आवेदन 13 सितंबर 2023 को किया था, जिसकी बीमा राशि अप्राप्त है। इसलिए उन्होंने वर्ष 2023 की तेन्दुपत्ता बीमा राशि दिलाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

### पुलगांव चार दिवसीय लोक महोत्सव 11 से

**अंडा।** पुलगांव में नवयुग दुर्गा समिति द्वारा वार्डवासियों के सहयोग से चार दिवसीय लोक महोत्सव का आयोजन 11 जनवरी से किया जा रहा है। समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु) ने बताया कि लोक महोत्सव छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहजने का एक छोटा सा प्रयास है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचल के कलाकार रामचरित्र मानस गान, बांस गीत, सुआ नृत्य, राउत नाच की प्रस्तुति देंगे। साथ ही गांव में मेला-मड़ई का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारू संगी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव करेंगे। समिति के संचालक दिनेश यादव ने लोक महोत्सव में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# जिस मैदान पर युवा करते हैं खेल व करियर की तैयारी, वहां धान विपणन केंद्र की कवायद

## ग्राम पंचायत नेवनारा ने धान विपणन केंद्र व गोदाम निर्माण के लिए दी एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला वर्तमान में राज्य व केंद्र सरकार द्वारा कई विकेंसी निकल रही हैं, जिसके तैयारी के लिए युवा अपने स्तर में तैयारी भी कर रहे हैं। वहीं, वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीसगढ़ जिला बल, नगर सेना, फारेस्ट गार्ड, एस आई व आगामी भर्ती सीएएफ जैसे कई भर्तियां चल रही हैं। इनके लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के युवा अपनी तैयारी कर रहे हैं। इसी बीच ग्राम हसदा नेवनारा के सैकड़ों युवा फोर्स ग्राउंड नेवनारा हसदा में पिछले कई सालों से मैदान में प्रैक्टिस करते रहे हैं। इसी मैदान के फलस्वरुप ग्राम हसदा व नेवनारा में 130-140 युवा राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर अपने व क्षेत्र का नाम रोशन किया है

- खेल मैदान को विपणन केंद्र बनाने की जानकारी मिलने पर युवाओं ने खोला मोर्चा
- युवाओं के आक्रोश को देखते हुए तहसीलदार ने दो दिन के लिए रुकवाया काम



### दी चक्काजाम की चेतावनी

मांग कर रहे ग्राउंड के युवा दुर्गेश वर्मा ने बताया कि इससे पहले भी उद्यानिकी के लिये दो बार खेल मैदान को दूसरी जगह बनाया गया है। इस मैदान से सैकड़ों युवाओं ने अपनी प्रतिभा को राज्य व राष्ट्रीय स्तर में लेकर क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया है। साथ ही इस मैदान के फलस्वरूप कई युवा सेना में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। युवाओं ने चेतावनी दी कि अगर हमारी मांग पूरी नहीं होती है, तो आने वाले समय में चक्काजाम कर आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर अजय साहू, डोमन साहू, सुरेश साहू, बलिराम धीवर, लक्ष्मीनाथ वर्मा, लोकेश साहू, राजेश साहू, खेमलाल साहू, पोषण यदु, यामिनी साहू एवं गांव के नागरिक उदय राम साहू, नेम सिंह साहू, जितेंद्र साहू उदय पाल चुरामन साहू, राधे गेन्द्रे सहित सैकड़ों की ग्रामीण उपस्थित रहे।

और 15 से ज्यादा युवा आज भी सेना में सेवा प्रदान कर रहे हैं।

परंतु गत दिनों ग्राम पंचायत नेवनारा द्वारा इस मैदान को धान विपणन केंद्र, गोदाम के लिये एनओसी दे दी गई है। एनओसी की जानकारी मिलते ही ग्राउंड में प्रैक्टिस कर रहे युवाओं में भारी आक्रोश उत्पन्न हो गया। युवाओं ने इस कार्य को तुरंत बंद करने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। स्थिति को देखते हुए कार्य को तहसीलदार ने तत्काल प्रभाव से दो दिवस के लिए बंद करवा दिया है। पिछले कई सालों से इस ग्राउंड में प्रैक्टिस कर रहे युवाओं ने तहसीलदार से यह मांग भी की कि इस मैदान जो कि खसरा क्रमांक 31, को छोड़कर इससे लगा हुआ मैदान को इस कार्य के लिए चुना जाए।

## भोइनाभाटा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री

# जब समाज में अराजकता आती है, तो किसी दिव्य आत्मा का अवतरण होता है : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के समीप ग्राम भोईनाभाटा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती महोत्सव कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। वहां उन्होंने बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्री बघेल ने मौजूद जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने हमें मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया है, जो मानव जीवन के लिए सबसे प्रमुख है।

- कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज भी हुए शामिल

जात-पांत ऊंच-नीच यह सब हमने बनाया है। ईश्वर ने हम सभी को एक जैसा शरीर देकर इस संसार में भेजा है। सारी कुरीतियां मानव द्वारा खुद उत्पन्न की गई हैं। जब समाज में अराजकता तथा कुनीति फैल जाती है, तो ऐसे में किसी न किसी एक दिव्य आत्मा का अवतरण इस संसार में होता है। श्री बघेल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के रूप में हमें जो एक दिव्य संत मिले,



### चारों तरफ फैला है भ्रष्टाचार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राज्य की भाजपा सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा की सरकार बने एक वर्ष हो गया है, लेकिन सरकार किसी भी वर्ग को संतुष्ट नहीं कर पा रही है। मात्र समाज में वह वैमनष्यता फैलाने का कार्य भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ भ्रष्टाचार फैल रहा है। बीजापुर में सड़क निर्माण घोटाला को उजागर करने वाले युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या कर दी गई है। उन्होंने बीजापुर में सड़क निर्माण घोटाले को उजागर किया था, जहां निर्माण कार्य पूर्ण होने से पूर्व ही संबंधित ठेकेदार को 90 प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया गया था। इसी तरह अगर कोई भी भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की बात करता है, तो या तो उसका मुंह बंद कर दिया जाता है या फिर उसे ईडी के हवाले कर दिया जाता है। भाजपा की यह सरकार सभी जातियों को आपस में लड़ाने का कार्य कर रही है।

उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आयोजनकर्ता गायकवाड़ परिवार की प्रशंसा की। कार्यक्रम को पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी संबोधित किया। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास के बताए रास्तों को मानव जीवन के उत्थान के लिए परम आवश्यक बताया।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भी संबोधित किया। जयंती समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड़, पूर्व सरपंच मनोज गायकवाड़, पूर्व सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गायकवाड़, जनपद अध्यक्ष रीना मिथलेश वर्मा, सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा, टीआर जनार्दन, जोगिंदर छाबड़ा, ममता पाटिल सरपंच ग्राम पंचायत भोईनाभाठा, कमल गायकवाड़, राज गायकवाड़, प्रवीण गायकवाड़, अविनाश तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, अयोध्या चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ट्रक-बाइक में हुई जोरदार टक्कर, युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नेशनल हाईवे पर फिर एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक की जहां मौत हो गई, वहीं दूसरे सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार को दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें सुबह 11 बजे नेशनल हाईवे स्थित बेमेतरा थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्ठी मोड़ पर हुई वहीं दूसरी दुर्घटना कवर्धा रोड स्थित अम्बा पेट्रोल पंप के सामने हुई, जिसमें कार और दो पहिया आपस में टकरा गए। दुर्घटना में मोटर साइकल सवार युवक गंभीर रूप जख्मी हो गया, जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पहला हादसा चोरभट्ठी मोड पर रायपुर की और से आ रही सीमेंट से लदी ट्रक और बेमेतरा की ओर से जा रही मोटर सायकल की आपस में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार कवर्धा जिले के ग्राम लासाटोला निवासी मनहरण लहरे की मौके पर ही मौत हो गई। आमने सामने भिड़ंत के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना स्थल से मृतक के शव को जिला अस्पताल लाया गया। मामले में कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर सीमेंट से लदे ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़े कर दिया।

- नेशनल हाईवे पर बेमेतरा थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्ठी मोड़ पर हुई दुर्घटना

### कार-बाइक में भिड़ंत युवक घायल

दूसरी दुर्घटना जो अम्बा पेट्रोल पंप के पास हुई, जिसमें युवक का नाम नहीं पता चल पाया, परन्तु ग्राम करचुवा का रहने वाला है, जो बेमेतरा से अपने गांव की ओर जा रहा था। इस बीच कवर्धा की ओर आ रही कार सीधे तेज गति से मोटर साइकल सहित भीड़ गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि युवक कार के ऊपर उछाल कर पहुंच गया। वहीं, कार व दो पहिया वाहन के परखच्चे उड़ गए। घायल युवक को लोगों की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा गया।

## नवोदय प्रवेश परीक्षा से पूर्व हुआ मॉक टेस्ट



**बेमेतरा।** भारत सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नवोदय विद्यालय खोला गया है। इस नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित नवोदय प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी 2025 में सम्मिलित होने के पूर्व बच्चों की जांच परीक्षा का आयोजन किया गया।

इस परीक्षा से बच्चों ने ओएमआर शीट का भरना, समय प्रबंधन कौशल सीखा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परपोड़ी में पांचवीं बार नवोदय जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कक्षा पांचवी में अध्यनरत जो नवोदय परीक्षा हेतु फॉर्म भरे हैं, उनके अभ्यास के लिए परीक्षा पूर्व जांच परीक्षा ली गई। परीक्षा में कुल 82 परीक्षार्थियों ने उत्साह के साथ एवं रुचि लेते हुए अपने प्रतिभा को निखारने एवं अधिक से अधिक नंबर प्राप्त करने का भरसक प्रयत्न किया। आगामी रविवार 12 जनवरी को अंतिम जांच परीक्षा सेजेस परपोड़ी में होगी। इस नवोदय जांच परीक्षा का सफल आयोजन में लक्ष्य उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा (व्याख्याता) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतरा के मार्गदर्शन व उपस्थिति में हुआ।

## जिलास्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता...



**बेमेतरा।** जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन एलन्स पब्लिक स्कूल मैदान में शनिवार 4 जनवरी को किया गया। इस चयन प्रतियोगिता में जिले भर से लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाए। यह चयन प्रतियोगिता में दो वर्गों में रखी गई थी, जिसमें 14 वर्ष से कम बालक-बालिका एवं 16 वर्ष से कम बालक-बालिकाएं शामिल हुईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 13 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट( एनआईडीजेएम) के लिए किया गया। ये खिलाड़ी फरवरी माह में हैदराबाद में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन में संघ के सचिव अरुण पाल, ऋषभ सर व्यायाम शिक्षक, मुकेश चंद्रवंशी, व्यायाम शिक्षक, रुपेश कुमार यादव, अंकित निर्मलकर व्यायाम शिक्षक, खुशी यादव का विशेष सहयोग रहा।

# प्रभातफेरी निकालकर ग्रामीण कर रहे हैं भगवान श्रीराम की महिमा का बखान



हरिभूमि न्यूज:बेरला

ब्लॉक बेरला के ग्राम मनियारी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड नवधा रामायण शुरु होने के पहले गांवों में रामनाम की गूंज सुनाई देने लगी है। रामनाम का अलख जगाने को लेकर गांवों में रामायण के पूर्व प्रभातफेरी निकाली जा रही है।

- ग्राम मनियारी में प्रतिदिन सुबह सुनाई दे रही है रामनाम की गूंज

ग्राम मनियारी में रामायण मंडली के सदस्य व गांव के लोग सुबह 5 बजे से 7 बजे तक गांव में प्रभातफेरी के माध्यम से भगवान श्रीराम के महिमा गाते हुए भ्रमण करते हैं। प्रभात फेरी में रामदयाल साहू, मोती साहू, रामकृत देवांगन, सनत देवांगन, गिरधारी निषाद, शिवकुमार निर्मलकर, संतोष साहू सहित ग्रामीण मिलकर प्रभात फेरी में राम राम की धुन गाते बजाते हुए लियोन का भ्रमण किया गया। इस दौरान घर-घर एक मुट्ठी चावल दान करते हैं। साथ ही राम नाम का जयघोष लगाते हुए गलियों का भ्रमण करते हैं। बताया गया कि वर्षों से चली आ रही परंपरा को अब युवा वर्ग जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। ग्राम मनियारी के जय महावीर चौक मनियारी में 04 जनवरी से 08 तक समापन के साथ मेला मड़ई का आयोजन किया गया है।

## ग्राम सौरी में धूमधाम से मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु जयंती



**बेमेतरा।** ग्राम सौरी में सहस्त्रबाहु उत्सव, परिवारिक मिलन समारोह मनाया गया। इसमें सहस्त्रबाहु भगवान की पूजा अर्चना कर कलशयात्रा निकाली गई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उसके बाद अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र जायसवाल थे, अध्यक्षता विष्णु सिन्हा ने की। ग्राम प्रमुख सौरी, विशेष अतिथि डॉ.राजेश जायसवाल सचिव मंडल थानखमरिया, संजय सिन्हा जी कोषाध्यक्ष मंडल थानखमरिया, दिलीप जायसवाल सचिव नवागढ़ थे।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ

सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### श्रद्धा व भक्ति के रस में डूबा हुआ है अंचल

# बड़ी संख्या में ग्राम कापा पहुंच रहे हैं श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर ले रहे आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम कापा में चल रहे 10 दिवसीय श्रीमन गणेश महायज्ञ 7 दिन हो गए हैं और 3दिन ही शेष रह गए हैं । प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे हैं। वहीं बाबा जी का दर्शन कर आशीर्वाद भी ले रहे हैं। रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचे और परिक्रमा की।

विदित हो कि 30 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ शुरू हुए कार्यक्रम का रविवार सातवां दिन था। आयोजन में ग्राम कापा सहित



आसपास से ग्रामीण अंचल के साथ-साथ दूर-दूर से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और आयोजन स्थल पर बने हुए यज्ञ मंडप की बड़े श्रद्धा व भक्ति के साथ परिक्रमा भी कर रहे हैं। गांव के हर ग्रामीण श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हुए हैं। परिणाम स्वरुप इतनी तादाद में पहुंच रही भीड़ के बाद भी कार्यक्रम पूरी तरह व्यवस्थित रूप से चल रहा है। यज्ञ स्थल पर जय गजानन और श्री गजानन के साथ अभिवादन लोगों का किया जा रहा है।

आयोजन स्थल पर प्रवचन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलता है। यज्ञ मंडप में परिक्रमा के साथ-साथ लोग प्रवचन का भी लाभ उठा रहे हैं। संपूर्ण क्षेत्र श्रद्धा व भक्ति के रस में डूबा हुआ है।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की बहाली करे सरकार : महंत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों की सेवाओं के निरंतरता के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग में कार्यरत बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षक जिनकी संख्या 2897 है। उन्हे विगत दिनों सरकार ने नौकरी से निकाल दिया है। बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों की समस्या इनके आश्रितों से जुड़ी आजीविका से संबंधित है। अभी भी सरकार के पास मौक़ा है कि रिक्त पद के विरुद्ध इन्हें नौकरी दी जा सकती है। नेता प्रतिपक्ष बताया कि बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने मेरे समक्ष उपस्थित होकर आवेदन पत्र दिया है।

### स्थानीय निकाय चुनाव में देर आम जनता का नुकसान

**रायपुर।** त्रिस्तरीय स्थानीय निकाय चुनाव में लेट लतीफी और प्रशासकों की नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, भारत के गांव, गरीब, ग्रामीणों और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के उद्देश्य से स्थानीय निकाय चुनाव का प्रावधान संविधान में किया गया था। चुनाव में देर की जा रही है, जिससे सीधे सीधे आम जनता का नुक़सान होगा। चुनाव में देर की वजह से नगर निगमों में प्रशासकों की नियुक्ति की जा रही है। जनता को प्रशासक नहीं, बल्कि स्थानीय सरकार और स्वशासन चाहिए। उन्हें गली मोहल्ले में साफ सफाई, शुद्ध पेयजल, जन्म, जाति प्रमाणपत्र और अंतिम व्यक्ति तक विकास चाहिए। ऐसी चुनी सरकार और जनप्रतिनिधि चाहिए, जो कंधे-कंधे से मिलाकर उनकी समस्यायों का हल करें। अतः सरकार को समय पर चुनाव कराने की ओर ध्यान देना चाहिए। पंचायतों का कार्यकाल आने वाले माह में समाप्त हो रहा है। वहां पर चुनाव प्रक्रिया में देर होने की संभावना से प्रशासन बिठाने की तैयारी है, जिससे आम लोगों को नुकसान होगा।

### पत्रकार से दुर्व्यवहार मामले में वनमंत्री ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

**रायपुर।** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार के साथ अभद्रता का मामला सामने आने पर वन मंत्री केदार कश्यप ने वन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी सीतानदी, उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व, को लाइन अटैच करने के आदेश दिए हैं। बताया गया है कि एक शासकीय सेवक के लिये कर्तव्य के प्रति अशोभनीय कृत्य है। छग सिविल सेवा (आचरण) नियम के अनुसार शासकीय लोक सेवक को ऐसा कोई भी कृत्य नहीं करना चाहिए जो कि शासकीय सेवा में अशोभनीय हो। वन मंत्री केदार कश्यप ने उक्त घटना की सूक्ष्मतापूर्वक जंच कर, तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए उपनिदेशक उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व को आदेशित किया गया है। मामले में विभाग ने नरेश चन्द्र देवनाग, वनक्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी सीतानदी, उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व, गरियाबंद को तत्काल प्रभाव से विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, धमतरी वनमंडल के पद पर पदस्थ किया है।

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा पहले करेगी प्रभारी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में 15 जनवरी के बाद कभी भी नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव को लेकर आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में अब प्रदेश भाजपा संगठन ने भी इसको लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। संगठन ने पहले ही नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी के रूप में भूपेंद्र सवन्नी और पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी के रूप में सौरभ सिंह की नियुक्ति की है। अब नगरीय निकाय चुनाव के लिए सबसे पहले जिला प्रभारी, नगर निगमों और नगर पालिकाओं के प्रभारी तय करने की कवायद चल रही है। इस माह कभी भी इसका ऐलान कर दिया जाएगा। इसके बाद पंचायत चुनाव को लेकर प्रभारी तय किए जाएंगे। इनके माध्यम से ही चयन की प्रक्रिया होगी।

प्रदेश में इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में विलंब हो गया है। दिसंबर में ये चुनाव होने थे, लेकिन नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने की कवायद के चलते इसमें देर हो गई है। अब तक आचार संहिता नहीं लग सकी है। अब जनवरी और फरवरी में पहले नगरीय निकाय और फिर पंचायत चुनाव कराने की तैयारी है। इसको लेकर एक तरफ सरकार अपने स्तर पर काम कर रही है तो दूसरी तरफ भाजपा का प्रदेश संगठन भी लगा हुआ है।

## जिला, निगम, पालिका स्तर पर तय होंगे प्रभारी




### प्रभारी नियुक्त करने की कवायद

नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद प्रत्याशी से लेकर नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और नगर निगम के लिए महापौर प्रत्याशी चुनने के लिए प्रदेश संगठन पहले प्रभारी तय करने की कवायद में जुटा है। इसमें जिलों के प्रभारी, फिर नगर पालिकाओं के लिए प्रभारी, नगर निगमों के लिए भी अलग से प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। इसके माध्यम से प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया पूरी होगी। नगरीय निकायों के बाद पंचायत चुनावों को लेकर भी अलग-अलग प्रभारी बनाए जाएंगे। इसका काम दावेदारों से रायशुमारी करके सहमति से प्रत्याशी तय करने का भी रहेगा।

## नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव से पहले भाजपा ने की नए जिलाध्यक्ष की घोषणा

# बालोद जिला भाजपा की जिम्मेदारी चेमन के कंधों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम सुरेगांव निवासी चेमन देशमुख भाजपा के नए बालोद जिला अध्यक्ष होंगे। अध्यक्ष पद पर चेमन देशमुख के नाम की घोषणा होते ही भाजपा जिला कार्यालय का सभा कक्ष उत्साह व जोश से भर गया।



■ सुरेगांव निवासी चेमन ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की थी सार्वजनिक जीवन की शुरुआत

चेमन देशमुख के जिला अध्यक्ष बनने पर जिले के ग्रामों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़े और मिठाई बांटी। जिले में चेमन देशमुख की छवि तेजतर्रार लेकिन मृदु व सर्वस्वीकार्य नेता के रूप में रही है, वर्तमान में वे जिला भाजपा महामंत्री का दायित्व निभा रहे थे। एम.कॉम की पढ़ाई कर चुके कृषि व व्यापार करने वाले ग्राम सुरेगांव विकासखण्ड गुण्डरदेही निवासी चेमन देशमुख के सार्वजनिक जीवन की शुरूआत छात्र नेता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से हुई। वे 1989–90 में नगर मंत्री राजनांदगांव रहे। वर्ष 1990–1995 तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में बस्तर विभाग संगठन मंत्री का दायित्व निभाया। वर्ष 1994 में छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री बने। वे 1994 में राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य भी रह चुके हैं।



### पहली बार 1998 में पहली बार चुने गए थे खेरथा मंडल अध्यक्ष

छात्र राजनीति के बाद वर्ष 1998 में वे भारतीय जनता पार्टी खेरथा मंडल अध्यक्ष रहे। 2004 में भारतीय जनता पार्टी खेरथा मंडल महामंत्री, 2009 में खेरथा मंडल अध्यक्ष, 2016 में जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, 2020 में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा, 2022 में जिला भाजपा सहप्रभारी भिलाई, तथा 2024 में जिला भाजपा महामंत्री बालोद की जिम्मेदारी संभाली। चेमन देशमुख भाजपा के विभिन्न अनुषांगिक संगठनों में भी कार्य कर विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके है। वर्ष 1995–1996 तक जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच राजनांदगांव, 2013 में जिला संयोजक सहकार भारती जिला दुर्ग रहे चुके हैं। वर्ष 2007 से 2012 तक अध्यक्ष सहकारी विपणन समिति डौण्डीलोहारा, 2017 में संचालक जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैक दुर्ग, 2017–2018 में मनोनीत संचालक छ.ग राज्य दुग्ध महासंघ देवभोग, 2017–2022 तक सहकारी विपणन समिति डौण्डीलोहारा अध्यक्ष रह चुके हैं।

### भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के बाद चेमन ने मंदिर में टेका मत्था





**बालोद।** जुंगेरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में चेमन देशमुख को भाजपा जिला अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने स्वागत रैली निकाली। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने ग्राम जुंगेरा स्थित देवी मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। वहीं, कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा से जमकर नारेबाजी करते हुए रैली के माध्यम से शहर का भ्रमण किया। मार्ग पर जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने चेमन देशमुख की आरती उतारी और स्वागत किया। चेमन देशमुख ने रैली के साथ मां गंगा मैया मंदिर झलमला पहुंचकर भी पूजा अर्चना कर जिले के लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

### चावल-शक्कर, नमक घोटाला मामले में सरकारी राशन दुकान संचालक सहित दो पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य विभाग ने खरोरा मांठ की सरकारी राशन दुकान के संचालक सहित दो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। संचालक ने करीब साढ़े तीन साल पहले कार्ड धारकों को वितरण के लिए आबंटित किया गया। 466 क्विंटल चावल के साथ 7.21 क्विंटल शक्कर और 7.21 क्विंटल नमक का घोटाला करते हुए सरकारी रेट से ज्यादा कीमत पर बाजार में बेच दिया था। इसका खुलासा विभाग की जांच में हुआ था। इस मामले में विभाग ने दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस से लेकर गायब पाए गए खाद्यान्न के बदले खाद्यान्न जमा करने या फिर राशि जमा करने के लिए नोटिस भी जारी किया था। इन नोटिसों के बाद भी संचालक द्वारा खाद्यान्न या बदले में राशि अब तक जमा नहीं कराई गई है। विभाग ने अब इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दुकान संचालक और उसके भाई के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

■ 7.21 क्विंटल शक्कर और 7.21 क्विंटल नमक का घोटाला

#### इन दुकान संचालकों पर भी गिरेगी गाज, होगी एफआईआर

राशन दुकानों में खाद्यान्न की गड़बड़ी करने के मामले में विभाग 5 और दुकान संचालकों पर एफआईआर कराने की तैयारी कर रही है। इसमें ग्राम पंचायत गुखेरा आरंग आईडी 442003058, ग्राम पंचायत छटेरा आरंग आईडी 442003054, ग्राम पंचायत बड़गांव आरंग आईडी 442003113, ग्राम पंचायत भलेरा आरंग आईडी 442003060 शामिल है। इन सभी दुकानों में भी जांच में भारी मात्रा में खाद्यान्न गायब मिला है। विभाग ने इन दुकानों के संचालकों को भी नोटिस जारी कर खाद्यान्न के बदले खाद्यान्न या राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन संचालकों द्वारा अब तक निर्देश का पालन नहीं किया गया है।

## हाउसिंग बोर्ड के 327 करोड़ 77 लाख कीमत के 1867 मकान अब तक बिक नहीं पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के 1867 मकानों की बिक्री अब तक हो नहीं पाई है। इन मकानों के निर्माण में 327 करोड़ 77 लाख से अधिक राशि खर्च की गई है। इन बचे मकानों में सात सौ से ज्यादा मकान अब जर्जर होने लगे हैं, जिसके कारण इन मकानों को बेचने से पहले इनकी मरम्मत किया जाना आवश्यक हैं। इन मकानों के मरम्मत में फिर लाखों-करोड़ों रुपए की राशि भी खर्च होगी। इसके बाद ही ये जर्जर मकान पुनः बिक्री के लिए तैयार हो पाएंगे।

■ इनमें 7 सौ से ज्यादा जर्जर हालत में



### 8 से 10 वर्ष पहले जिले में 15298 मकानों का किया गया था निर्माण

*छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट के तहत रायपुर जिले में 8 से 10 वर्ष पूर्व 15298 मकानों के निर्माण किए गए थे। इन मकानों के निर्माण में अरबों रुपए की राशि खर्च की थी। बोर्ड इनमें से 13431 मकानों की बिक्री कर चुका हैं, लेकिन 1868 मकान अब तक रिक्त पड़े हुए हैं, जिनमें ईडब्ल्यूएस के 460, एलआईजी के 299 तथा एमआईजी के 640 और एचआईजी के 472 मकान है। ये सभी मकान लंबे समय से खाली पड़े-पड़े जर्जर होने लगे हैं।*

#### ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्र में बनाए गए हैं मकान

सूत्रों के अनुसार जिले में अब तक बिक नहीं पाए मकान ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्र के हैं। ज्यादातर मकान ग्रामीण क्षेत्र के है। सूत्रों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की आवश्यकता का आंकलन किए बिना ही मकानों का निर्माण कराया गया है, जिसके कारण इन मकानों की अब तक बिक्री नहीं हो पाई हैं। कई मकान तो क्षेत्र, स्थान एवं गुणवत्ता के साथ उसकी तय कीमत के कारण भी बिक नहीं पाए हैं। इस कारण हाउसिंग बोर्ड की बड़ी राशि भी इन बचे मकानों में फंसी हुई है।



### सीएम साय से फिल्मकार प्रकाश झा ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता, निर्देशक, कलाकार एवं पटकथा लेखक प्रकाश झा ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री झा के छत्तीसगढ़ आगमन पर उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत, अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में हिंदी फिल्मों के निर्माण और फिल्म उद्योग के विकास की संभावनाओं के संबंध में चर्चा की। प्रकाश झा ने कहा कि छत्तीसगढ़ पसंदीदा फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रकाश जी उन दिग्गज फिल्मकारों में से एक हैं, जो अपनी फिल्मों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को पर्दे पर बखूबी उतारते हैं।

## दो दिन में पकड़ा गया 6500 किलो नकली पनीर, कार्रवाई के लिए सप्ताहभर का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल में खपाने के लिए तैयार किए गए 6500 किलो नकली पनीर के मामले में कार्रवाई के लिए जांच टीम को सप्ताहभर और इंतजार करना होगा। पनीर के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं, जिसकी रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बीरगांव और निमोरा की दो फैक्ट्री में छापेमारी कर पनीर पकड़ा था।

■ भेजे गए सैंपलों की रिपोर्ट की प्रतीक्षा, दो फैक्ट्री में हुई थी छापेमारी

दोनों स्थानों पर छापेमारी में जो पनीर बरामद किया गया था, उसे बनाने के लिए दूध का बिलकुल भी इस्तेमाल नहीं किया जाता। बीरगांव के काशी एग्रो फूड्स और निमोरा के एसजे मिल्क प्रोडक्ट्स में तैयार होने वाला 80 फीसदी पनीर ओडिशा भेजा जाता था और बीस फीसदी की सप्लाई छत्तीसगढ़ खासकर रायपुर में की जाती थी। दोनों ठिकानों से जांच टीम ने कुल 6500 किलो पनीर जब्त किया था। पनीर के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए कालीबाड़ी के लैब भेजा गया था, जिसकी रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक जांच रिपोर्ट के आधार पर दोनों संस्थानों के संचालकों के खिलाफ प्रकरण तैयार किया जाएगा। अधिकारियों का दावा है कि दोनों प्रकरणों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। नकली खाद्य पदार्थों के मामले में बड़ा जुर्माना के साथ सजा का प्रावधान भी होता है।



#### पैकेट में गलत जानकारी

निमोरा के एसजे मिल्क प्रोड्क्टस में भरी गंदगी में पनीर तैयार किया जाता है। उसे फ्रेश पनीर नामक पैकेट में पैक किया जाता था। नियम के मुताबिक पैकिंग में संबंधित खाद्य पदार्थ में मौजूद पोषणकारी मानकों की जानकारी देना अनिवार्य है। पनीर के इस पैकेट में दूध की उपलब्धता के साथ तमाम भ्रामक जानकारी दी गई थी। पनीर बनाने जिस बर्तनों का उपयोग किया जाता था वह बेहद गंदे थे और उससे बदबू आ रही थी।

#### मिला था खतरनाक केमिकल

बीरगांव के कांशी एग्रो फूड्स में पनीर बनाने के लिए जिस पानी का उपयोग किया जाता था उसमें हैवी मेटल था। इस तरह का पानी लिवर के लिए जोखिम भरा होता है। इससे बने खाद्य पदार्थ पेट खराब करने की वजह भी बन सकता है। इसके आलावा वहां पनीर बनाने उपयोग किए जाने वाले कुछ केमिकल भी मिले थे जो सेहत के लिए खतरनाक होते है। छापामार टीम ने सैंपल लेकर उसे भी जांच के लिए भेजा है।

## पुलिस का कहना- एवीडेंस ढूंढ रहे, मिलते ही करेंगे गिरफ्तार

# गौरभाट रेत खदान की नीलामी मामले में एफआईआर के एक माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर जिले के आरंग में प्रदेश का पहला मामला सामने आया था, जिसमें गांव के सरपंच, पंच सहित अन्य ग्रामीणों ने मिलकर रेत खदान की गांव में एक सार्वजनिक बैठक बुलाकर नीलामी कर दी थी।

इस नीलामी का विडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद इसका खुलासा हुआ था। इसके बाद प्रशासन की ओर से इस मामले में सरपंच सहित 16 ग्रामीणों के विरुद्ध एफआईआर की गई। थाने में एफआईआर हुए एक महीने से भी ज्यादा समय हो चुका है, लेकिन अब तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। क्षेत्रीय थाना पुलिस का कहना है कि तहसीलदार द्वारा पेश किए गए विडियो के आधार पर एफआईआर कर मामले की जांच की जा रही है। इसके तहत विडियो बनाने वाले से लेकर नीलामी के दस्तावेज सहित अन्य सबूत तलाश किए जा रहे हैं। पुख्ता सबूत मिलते ही इस मामले में गिरफ्तारी भी की जाएगी।



### इनके विरुद्ध कराई गई है एफआईआर

इस मामले में गांव की सरपंच दुर्गा निषाद, ग्राम सचिव अरुण कुमार ध्रुव, सरपंच पति भागवत निषाद के अलावा बोलीदार अमित चंद्राकर, ग्राम सभा अध्यक्ष हरिशचंद्र चंद्राकर, नीलामी संचालक संतोष सेन, ग्राम सभा सचिव ओमकार साहू, ग्राम सभा कोषाध्यक्ष नारायण साहू, ग्राम सभा उपाध्यक्ष शारदा साहू, चिम्मन साहू, विष्णु धनगर, तोमनलाल यादव, घनश्याम साहू, जयलाल कोसले एवं लुकेश साहू के विरुद्ध धारा 3(05),318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### 1 करोड़ 4 लाख रुपए में की गई थी खदान की नीलामी

आरंग क्षेत्र के ग्राम गौरभाट में नवंबर में गांव के सरपंच, पंचों की मौजूदगी में एक सार्वजनिक बैठक कर रेत खदान की नीलामी कर दी गई। इस नीलामी में आसपास के कई गांव के रेत माफिया भी बोली लगाने के लिए पहुंचे थे। गांव में रहने वाले कुछ ग्रामीणों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया था कि नीलामी के दौरान ग्राम छटेरा के किसी भोलू चंद्राकर ने रेत खदान के लिए सबसे ऊंची 1 करोड़ 4 लाख रुपए की बोली लगाई थी। गांव के लोगों ने इसके बाद खदान को उसे ठेके पर दिया था। इसके एवज में गांव की पंचायत ने ठेकेदार से एडवांस राशि के रूप में 50 हजार रुपए भी लिए थे, लेकिन गांव के किसी व्यक्ति ने इस नीलामी का विडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। इधर नीलामी का विडियो वायरल होते ही इसकी खबर जब खनिज विभाग एवं प्रशासन तक पहुंची, तो अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आरंग क्षेत्र की तहसीलदार सीता शुक्ला ने इस मामले की अपने स्तर पर जांच की, जिसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी। तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन की ओर से थाने में पंचायत के पदाधिकारियों सहित 16 ग्रामीणों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

### सज गया श्याम बाबा का दरबार, बहेगी भजनों की गंगा



**रायपुर।** श्याम परिवार सेवा समिति ने समता कॉलोनी स्थित श्रीरामनाथ भीमसेन भवन में श्याम महोत्सव का आयोजन किया है। श्याम बाबा का दरबार रंगबिरंगे बंदनवारों से सज गया है। 5 जनवरी की सुबह जैसे ही खाटू वाले श्याम बाबा की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित होगी, इसकी शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे से अनवरत भजनों की गंगा प्रवाहित होगी, जो देर रात तक श्रद्धालुओं को आनंदित करेगी। भजनामृत के लिए राष्ट्रीय स्तर के भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसमें प्रमुख रूप से साक्षी अग्रवाल, अंकिता शर्मा, संदीप अग्रवाल, राहुल सांवरा, सुरेश राजस्थानी, प्रियांशु मित्तल, टीनू शर्मा एवं वरुण शर्मा शामिल हैं।

### ट्रांसपोर्टर का आरोप- उड़नदस्ता टीम ने 60 किलो ज्यादा वजन पर 42 हजार का चालान काटा

**रायपुर।** ओडिशा से मुंबई सरिया लोड कर ले जा रहे एक ट्रक को सरिया में महज 60 किलो ज्यादा वजन होने पर ट्रांसपोर्टर ने परिवहन विभाग के उड़नदस्ता टीम पर 42 हजार रुपए चालान काटे जाने का आरोप लगाया है। ट्रांसपोर्टर के आरोपों का परिवहन विभाग के अफसरों ने खंडन करते हुए कहा कि ड्राइवर अपने ट्रक का बगैर वजन कराए दौड़ाते हुए ले गया, इस वजह से ट्रक का भारी-भरकम जुर्माना किया गया है। ट्रांसपोर्टर मनीष सिंह ने परिवहन विभाग के उड़नदस्ता टीम के खिलाफ बेवजह चालान काटे जाने का आरोप लगाया है। ट्रांसपोर्टर के अनुसार शुक्रवार को धनेली नाका के पास ट्रक को रोका गया। परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने ट्रक की धरमकांटा रसीद देखी। इसके बाद ट्रक में 60 किलो वजन ज्यादा होने पर उड़नदस्ता टीम ने 42 हजार रुपए का चालान काट दिया। इस संबंध में परिवहन अफसरों से संपर्क करने पर बताया कि ट्रांसपोर्टर के ट्रक को धनेली नाका के पास रोका गया था। धरमकांटा पर्ची देखी गई।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर

**रायपुर।** भारतीय जैन संघटना द्वारा दो दिवसीय 5 से 6 जनवरी तक निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कोटा रोड गुढ़ियारी स्थित सुयश हॉस्पिटल में सुबह 9 प्रारंभ होगा। यह जानकारी भारतीय जैन संघटना के प्रदेश अध्यक्ष विजय गंगवाल व प्रदेश महासचिव सीए विकास गोलछा ने देते हुए बताया कि शिविर में अमेरिका से आ रहे डॉक्टर लैरी एवं उनकी टीम द्वारा कटे, फटे होंठ एवं तालू, पलकों की विकृति, चेहरे के दाग धब्बे की प्लास्टिक सर्जरी यहां निशुल्क की जाएगी। शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन एवं जांच रविवार को सुबह 9 बजे 12 बजे तक किया जाना सुनिश्चित हुआ है, जिसमें मरीजों को जांच के लिए खाली पेट आना अनिवार्य है। यह शिविर स्व. कन्हैयालाल गंगवाल की स्मृति में किया जा रहा है।

### बीएड सहायक शिक्षकों का तीन दिवसीय अनशन शुरू

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर अपनी मांगों को लेकर बीते 17 दिनों से बीएड सहायक शिक्षकों द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन में लगभग 2900 शिक्षकों ने अपनी सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया। इसके बाद भी उनकी समस्याओं को हल करने के लिए सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नही उठाया गया। इसके बाद शिक्षक अपने जीवन और भविष्य को बचाने के लिए 4 जनवरी से तीन दिवसीय अनशन करने जा रहे हैं। धरनास्थल पर ठंड के बीच भी शिक्षक डटे हुए हैं।

### जान से मारने की धमकी देकर किया अनाचार

**भिलाई।** जान से मारने की धमकी देकर नाबालिग से अनाचार करने का मामला प्रकाश में आया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरु नगर कैपिटल सोसायटी के पास रहने वाले मन्नू जगत ने नाबालिग युवती को जान से मारने की धमकी देकर लंबे समय से अनाचार करता रहा। शिकायत के बाद आरोपी मन्नू फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाक्सो, धारा 376 के तहत जुर्म दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी मन्नू लंबे समय से नाबालिक को अपनी हवस का शिकार बनाता रहा है। घटना की जानकारी जब परिजनों को नाबालिक ने बताया उसके बाद थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी गई। आरोपी मन्नू प्राइवेट काम करता है। नाबालिग भी उसी बस्ती में रहती थी, जिसे पहेल झांसे में लिया उसके बाद धमकी देकर अनाचार करता रहा। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम बनाकर खोजबीन जारी किया है।

### ग्राम पेरपार में स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का साथ दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पेरपार गुरुर में 3 से 09 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। मेरा युवा भारत के लिए युवा साथ ही डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम के तहत व स्वच्छता के लिए युवा को लेकर स्वयंसेवकों द्वारा गांव की गली व नालियों व तालाब के आसपास हैंडपंप स्कूल भवन आंगन बाड़ी भवन सामुदायिक केंद्र के आसपास की साफ सफाई का कार्य किया गया।

# क्लोन वनभैंसा की डीएनए जांच के लिए एक साल बाद भी शुल्क जमा नहीं, कैसे मिलेगी रिपोर्ट

■ दीपआशा के घोषित तौर पर मुर्रा वनभैंसा की पुष्टि होने से बचने विभाग डीएनए जांच के लिए शुल्क जमा नहीं कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के राजकीय पशु वनभैंसा की संख्या बढ़ाने क्लोन से पैदा की गई दीपआशा से वन विभाग को बड़ी आस थी, लेकिन वही दीपआशा वनविभाग के लिए गले की हड्डी बन गई है। वन विभाग के अफसर डीएनए जांच के लिए शुल्क महज 15 हजार रुपए एक साल बाद भी जमा नहीं कर पाए हैं। दूसरी तरफ असम से लाए गए वनभैंसों के लिए वन विभाग के अफसर भरपूर राशि खर्च कर रहे हैं। राज्य में राजकीय पशु की संख्या बढ़ाने वन विभाग के अफसरों ने वर्ष 2014 में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की आशा नामक वनभैंसा के सोमेटिक सेल कल्चर से कुनबा बढ़ाने की कोशिश की थी। इसके लिए सोमेटिक सेल कल्चर को दिल्ली के बूचड़खाने की देसी भैंस के अंडाशय से क्लोन किया गया। इस तकनीकी से 12 दिसंबर 2014 को नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टिट्यूट करनाल में दीपआशा का जन्म हुआ। इसके लिए एक करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई। क्लोन से तैयार वनभैंसा को जंगल सफारी में रखने ढाई करोड़ रुपए लागत से बाड़ा बनाया गया।

## असम से लाए वनभैंसा की डीएनए रिपोर्ट 10 दिन में हासिल

### इस वजह से नहीं मिली रिपोर्ट

दीपआशा की अब तक डीएनए रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह डीएनए टेस्ट करने 15 हजार रुपए का शुल्क जमा नहीं करना बताया जा रहा है। शुल्क जमा नहीं होने की वजह से दीपआशा की अब तक डीएनए जांच नहीं की गई। उल्लेखनीय है कि जंगल सफारी में दीपआशा के लिए ढाई करोड़ रुपए का बाड़ा तैयार कर रखा गया है। उस बाड़े के पास जाकर आम आदमी को दीपआशा को देखने की अनुमति नहीं है। सीजेडए के नियमों के मुताबिक जू में पालतू मवेशी रखने की अनुमति नहीं है। वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने प्रश्न किया कि दीपआशा दिखने में ही मुर्रा भैंस है, तो उसे बंधक बनाकर क्यों रखा गया है, उसे छोड़ क्यों नहीं दिया जाता, दीप आशा कोई वन भैंसा नहीं है, बल्कि एक आम घरेलू मवेशी है।



### डीएनए जांच की मांग सात साल से जारी

क्लोन से पैदा दीपआशा की डीएनए जांच कराने की मांग सात साल से की जा रही है। 11 दिसंबर 2018 को पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ की अध्यक्षता में बैठक में निर्णय लिया गया कि दीपआशा का डीएनए टेस्ट सीसीएमबी हैदराबाद और व्हाइट लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून से कराया जाए। निर्णय के ढाई साल बाद सीसीएमबी हैदराबाद सैंपल भेजा गया। सैंपल भेजे जाने के बाद भी रिपोर्ट नहीं आने पर जनवरी 2023 में स्मरण पत्र भेजा गया। इसके बाद भी रिपोर्ट नहीं आने पर वन्यजीव प्रेमियों के दबाव में पिछले वर्ष नवंबर में पुनः स्मरण पत्र भेजा गया।

## ट्रायल के बाद अब अतिथि तय नहीं होने से रुका ट्रेन का परिचालन

# ट्रायल के बाद अभनपुर लोकल ट्रेन को अब 'तिथि और अतिथि' का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर से अभनपुर के बीच लोकल ट्रेन में सफर करने लोगों को अब 15 दिनों का और इंतजार करना पड़ सकता है। ट्रायल ट्रेन चलाने के बाद उम्मीद थी कि रेलवे जल्द ट्रेनों का परिचालन शुरू कर देगा, लेकिन अब रेलवे प्रशासन को तिथि और अतिथि दोनों का इंतजार है। अभी तक तय नहीं हो पाया है कि ट्रेन परिचालन का उद्घाटन समारोह कब होगा। पहले चर्चा थी कि गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में ट्रेन शुरू होगी। सूत्रों के मुताबिक निगम चुनाव से पहले ट्रेन की सुविधा लोगों को मिल जाएगी। मंडल के रेल असफर का कहना है कि सफल ट्रायल के बाद अब ट्रेन रायपुर से अभनपुर के लिए दौड़ने को तैयार है। सीबीडी स्टेशन की सभी खामियों को भी दूर किया जा चुका है। रंगरोगन व अधूरे कार्यों को भी पूर्ण हो चुके हैं। अब केवल अतिथि का इंतजार है। तिथि व अतिथि तय होने के बाद लोगों को यह सुविधा मिलने लगेगी, जिसका इंजतार 8 सालों से है।

■ रंगरोगन और अधूरे कार्यों को रेलवे ने किया पूरा



### स्टेशनों में भव्य स्वागत की तैयारी

8 साल के लंबे इंतजार के बाद रायपुर से अभनपुर के बीच फिर ट्रेन चलेगी। इन ट्रेनों का स्टेशनों में भव्य स्वागत किया जाएगा। रेलवे इसकी तैयारी कर रहा है। यात्रियों को भी ट्रेन में सफर करने का इंतजार है। बता दें कि अटल नगर, उद्योग नगर और मुक्तांगन स्टेशन का काम अभी अधूरा है। इन तीनों स्टेशनों का निर्माण पूरा होने के बाद ही इस रूट पर ट्रेन रुकने लगेगी। समय सारणी में इन स्टेशनों का समय निर्धारित हो गया है। फिलहाल यहां ट्रेन नहीं रुकेगी।

### आठ बोगी की चलेगी दो मेमू ट्रेन

*समय सारणी के अनुसार ट्रेन रायपुर से सुबह 9:00 बजे रवाना होकर 9:37 मिनट पर अभनपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में आठ बोगी होगी। ट्रेन रायपुर से छूटकर मंदिर हसौद, उद्योग नगर, सीबीडी स्टेशन नया रायपुर, केंद्री स्टेशन में ठहरने के बाद अभनपुर पहुंचेगी। इसके अलावा अभनपुर से रायपुर के लिए दिन की पहली ट्रेन सुबह 10:20 बजे मिलेगी, जो रायपुर 11: 45 को पहुंच जाएगी। इसके बाद रायपुर से अभनपुर के लिए दूसरी ट्रेन 16:20 को रहेगी। वहीं अभनपुर से अंतिम ट्रेन रायपुर के लिए 18:10 को मिलेगी। बीच के स्टेशनों में 3 से 2 मिनट का ही स्टॉपेज रेलवे ने दिया है।*

### 10 रुपए में यात्री पहुंच जाएंगे अभनपुर

*रेलवे ने दो मेमू ट्रेन की समय सारणी भी जारी कर दी है, जिसके मुताबिक रायपुर से अभनपुर का सफर ट्रेन में एक घंटा 10 मिनट का होगा। वहीं सीबीडी स्टेशन यानी नया रायपुर पहुंचने में केवल 37 मिनट लगेगा। शहर से सिटी बस के जरिए नया रायपुर पहुंचने में 40 मिनट से अधिक का समय लग जाता है। ट्रेन से यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेगा। किराया 10 रुपए है। बता दें कि राज्योत्सव में ट्रेन का परिचालन शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन जब रेलवे की टीम सीबीडी स्टेशन जांच करने पहुंची, तो उन्हें कुछ कमियां नजर आई थीं, जिसे ठीक कर दिया गया है। यात्री सुविधा से जुड़ी तकनीकी दिक्कतें दूर हो चुकी हैं।*

# रिटायर शिक्षक मेडिकल बिल की राशि पाने एक साल से लगा रहा शिक्षा विभाग के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शिक्षा विभाग से रिटायर हुए अमलेश्वर दुर्ग निवासी तरुण कुमार बघेल पिछले एक साल से मेडिकल बिल की राशि पाने के लिए शिक्षा विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। तरुण बघेल ने आरोप लगाया है कि धरसींवा विकासखंड के तत्कालीन शिक्षा अधिकारी संजयपुरी गोस्वामी ने उनकी फाइल को बिना कारण के रोक दिया था, जिसके कारण उन्हें मेडिकल क्लेम की राशि भी मिल नहीं पा रही है।

**मुख्यमंत्री जनदर्शन में की शिकायतः** तरुण बघेल ने बताया कि वह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संलग्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरदहा से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी और एक बेटे की बीमारी के कारण इलाज के दौरान मृत्यु हो चुकी है। वह भी बीमार था। उन्होंने अपना भी अस्पताल में इलाज कराया है। तीनों का अलग-अलग निजी अस्पताल में इलाज हुआ है, जिसका बिल लगाकर उन्होंने इलाज में खर्च हुई राशि पाने के लिए धरसींवा विकासखंड अधिकारी के समक्ष सारे दस्तावेजों के साथ मेडिकल बिल लगाया है। यह बिल करीब 5 लाख रुपए का है। इस बिल को पास कराने के लिए धरसींवा शिक्षा अधिकारी को संयुक्त संचालक स्वास्थ्य शिक्षा विभाग को भेजा जाना था, लेकिन अब तक रिमेम्बर्स बिल को भेजा नहीं गया है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लगाए गए बिलों में कौन-कौन से बिल को स्वीकृति मिली है और कौन से बिल किस कारण से पास नहीं हुए हैं, इसकी जानकारी के लिए सूचना के अधिकार के तहत आवेदन भी लगाया है, जिसका जवाब समय-सीमा अवधि समाप्त होने पर भी नहीं दिया गया है।

### वन अधिकार अधिनियम पर कार्यशाला आज

**रायपुर।** आदिम जाति विकास विभाग द्वारा 'धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत वन अधिकार अधिनियम 2006 के बेहतर क्रियान्वयन विषय पर संबंधित विभागों एवं अशासकीय संस्थानों के मध्य परिचर्चा-परामर्श के लिए एफईएस एवं एटीआरईई संस्था के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला न्यू सर्किट हाऊस, सिविल लाइंस रायपुर में होगी। आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने पत्र जारी कर सभी जिलों के सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग जिला परियोजना समन्वयक के साथ कार्यशाला में उपस्थित रहने कहा है।

# 2025 में मिल नहीं पाई सौगात, अब 2026 का इंतजार
# कलेक्टोरेट एवं तहसील की नई बिल्डिंग का अटका काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी वासियों के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कलेक्टोरेट की पांच मंजिल नई कम्पोजिट बिल्डिंग और चार मंजिल की नई तहसील बिल्डिंग का अब एक वर्ष और इंतजार करना होगा। ये दोनों बिल्डिंग की सौगात नववर्ष 2025 के प्रारंभिक महीने में मिल जाना था, लेकिन प्रशासन के प्रयास में कमी के कारण इन दोनों बिल्डिंग का अब तक निर्माण कार्य तक शुरू नहीं हो पाया है। इन दोनों बिल्डिंग के निर्माण कार्य में एसपी भवन और पुरानी तहसील बिल्डिंग की शिफ्टिंग का काम रोड़ा बना हुआ है। जब तक एसपी भवन और तहसील बिल्डिंग खाली नहीं कराई जाएगी, जब तक नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू नहीं होगा। नववर्ष में अगर शिफ्टिंग के साथ निर्माण कार्य शुरू होता भी है, तो नई बिल्डिंग का कार्य पूर्ण में एक वर्ष से अधिक समय लग जाएगा, जिससे नई बिल्डिंग की सौगात वर्ष 2026 में ही मिल पाएगी।




### 29 करोड़ 15 लाख की लागत से बनना है सर्वसुविधायुक्त कम्पोजिट बिल्डिंग

पांच मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग 29 करोड़ 15 लाख 24 हजार रुपए की लागत से बनेगी। यह बिल्डिंग 2555 वर्गमीटर एरिया में बनाई जाएगी। इसमें जिला प्रशासन की 582.00 वर्गमीटर और पुलिस प्रशासन की बिल्डिंग 800 वर्गमीटर एरिया में बनेगी। इस तरह 134 वर्गमीटर एरिया में अफसरों के दफ्तर बनाए जाएंगे।

### भवन मिलने के बाद भी तहसील की शिफ्टिंग नहीं

*तहसील कार्यालय के पुराने भवन को तोड़कर यहां पीडब्ल्यूडी 4 मंजिल नई बिल्डिंग का निर्माण करेगी। 11 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी तहसील के शिफ्टिंग के लिए रुका हुआ है। हालांकि तहसील को पुराने मंत्रालय स्थित पुराना नर्सेस हॉस्टल के खाली पड़े भवन में शिफ्टिंग को मंजूरी मिल चुकी है, जिसके लिए नर्सेस हॉस्टल भवन में काम भी शुरू कर दिया गया है, लेकिन पिछले कुछ हफ्ते से इस काम पर भी ब्रेक लगा हुआ है, जिसके कारण तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग के साथ नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी अटका हुआ है। विदित हो कि कलेक्टोरेट की तीन मंजिल पुरानी बिल्डिंग और तहसील कार्यालय भवन दोनों जर्जर हो चुके हैं, जिसके कारण इन भवनों की दीवारों व छज्जों के प्लास्टर तक टूटकर गिरने लगे हैं। दोनों भवनों को तोड़कर उनकी जगह नई बिल्डिंग बननी है, इसे देखकर इन पुरानी बिल्डिंग व भवन का मेंटनेंस भी नहीं किया जा रहा है। यही नहीं, इन भवनों में आम लोगों के अलावा अधिकारी-कर्मचारियों को भी कई तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। जर्जर होने के कारण इन भवनों में कभी भी हादसा होने की भी संभावना बनी हुई है, जिससे जनहानि भी हो सकती है।*

### पीडब्ल्यूडी को एसएसपी भवन के खाली होने का इंतजार

*कलेक्टोरेट-एसएसएसपी की कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण कार्य को स्वीकृति अप्रैल 2023 में दी गई थी। इस बिल्डिंग की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग को दी गई है। विभाग ने स्वीकृति मिलने के दो महीने के भीतर ही बिल्डिंग के निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया से लेकर डिजाइन सबकुछ तैयार कर लिया है, पर एसपी भवन की शिफ्टिंग इस काम में बाधा बनी हुई है, क्योंकि नई कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण एसपी भवन की जगह किया जाना है। ऐसे में एसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए प्रशासन को अब तक कोई दूसरा भवन मिल नहीं पाया है। प्रशासन ने एसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए पूर्व में दो जगह को चिन्हांकित किया था, जिसमें एक सॉगोन बंगला और दूसरा सेंट्रल जेल रायपुर से लगा पुराना पुलिस ऑफिस भवन था। पुराना पुलिस ऑफिस भवन को किसी कारण से रिजेक्ट कर दिया गया था, वहीं सॉगोन बंगला को अन्य किसी कार्य के लिए शासन द्वारा आबंटित कर दिया गया है। इन दोनों के अलावा एसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए कोई तीसरा भवन मिल नहीं पाया है।*

# फ्री फायर गेम के चलते युवक की हत्या दो युवक समेत अपचारी बालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

फ्री फायर गेम खेलने के चक्कर में हुए विवाद में दो युवक और दो अपचारी बालकों ने मिलकर धारदार चाकू से गोदकर युवक की हत्या कर दी। शिकायत के बाद पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस धारा 103 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एसडीओपी हरिश पाटिल ने बताया कि 24 दिसंबर को ग्राम पांहदा अमलेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेला मंडई में ग्राम पांहदा निवासी उमेश यदु की लाश सोसायटी के सामने सड़क पर खुन से सना हुआ पड़ा मिला था। अमलेश्वर टीआई ममता अली शर्मा अपनी टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर शव परीक्षण, शॉट पीएम रिपोर्ट में होमीसाईडल उल्लेख करने से पुलिस ने हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया। इस दौरान क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक, एसीसीयू प्रभारी तापेश नेताम, समेत थाना प्रभारी अमलेश्वर की टीम बनाई गई। टीम को तकनीकी सहायता मिलने पर त्रिनयन एप की मदद से आस-पास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। घटना की रात 12:15 बजे बाइक से चार संदेही फुटेज में दिखाई दे रहे थे। ग्रामीणो से और साइबर प्रहरी ग्रुप में संदेहीयो का फोटो वायरल कर जांच की गई।

■ आरोपियों के पास से बाइक और हथियार किया जब्त

फुटेज को ग्राम झीट में पहचान कराया गया। ग्रामीण ने लाल रंग का जैकेट, नीला जींस पहना युवक का नाम ग्राम झीट निवासी नवीन सिंघोरे के रुप में पहचान की गई। एसीसीयू टीम ने तुरंत संदेही की जानकारी जुटाकर उसे हिरासत में लिया गया। तीनों संदेहियों से पुलिस ने पूछताछ करने पर ग्राम झीट भाठापारा थाना अमलेश्वर निवासी लोचन सिंधोरे उर्फ बंटी और दो अपचारी बालक होने की जानकारी मिल पाई।



### ऐसा किया युवक की हत्या

पुलिस ने हत्या के मास्टर माइंड नवीन कुमार सिंघोरे ने पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि उमेश की हत्या चार लोगों ने मिलकर किया था। ग्राम पांहदा का मेला मड़ई था आरोपी अपनी बाइक सीजी 07 सीई 2473 में अपने दोस्तों के साथ मेला घुमने पहुंचे थे। रात को ग्राम पंचायत पांहदा के पास गांव के कुछ लोगो के साथ शराब के नशे में वाद-विवाद हुआ था। जिसके बाद चारो आरोपी अपने गांव झीट निकल गए। जहां शराब पीकर नवीन सिंधोरे अपने घर से धारदार चाकू लेकर आया। फिर चारो दोबारा बाइक पर पांहदा पहुंचे। घटना की रात 12:15 बजे सोसायटी के सामने पहुंचे। जहां दो अपचारी बालक पानी पीने के लिए बोरिंग के पास रूके। जहां नवीन उसके दोस्त लोचन उर्फ बंटी सोसायटी के सीढी में बैठा था। उमेश यदु के पास चारों आरोपी पहुंचे फ्री फायर गेम खेलने के लिए आपस में गाली गलौज करना शुरु कर दिया। तब आरोपी अपने पास रखे धारदार चाकू से उमेश यदु के छाती में प्राण घातक हमला कर दिया। आरोपी लोचन उर्फ बंटी लात मारकर उमेश यदु को नीचे गिरा दिया। इसके बाद दो अपचारी बालकों ने बाइक पर बिठाकर घटनास्थल से फरार हो गए। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने बाइक को जब्त किया है।

### इंटक कार्यालय में लगा निःशुल्क दंत शिविर

**भिलाई।** स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के सेक्टर 3 स्थित कार्यालय में रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च द्वारा दंत परीक्षण एवं ट्रीटमेंट कैंप लगाया गया।

# शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिस्टम का निकला कबाड़ा, जाम में फंस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के मुख्य मार्ग से लेकर शहर के प्रमुख चौराहों पर आए दिन ट्रैफिक जाम से शहरवासी परेशान हैं। यातायात विभाग, नगर निगम और जिला प्रशासन ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर लाने ढेरों प्रयोग किये। पर आम जनता को ट्रैफिक जाम से निजात नहीं दिला पाए।

पचपेड़ी नाका चौक, भाठागांव चौक, वीआईपी रोड तिराहा, मोवा ब्रिज से पंडरी थाना वाले मार्ग की कमोबेश यही स्थिति देखने को मिलती है। वहीं प्रमुख चौराहों वाले मार्ग पर सड़क घेरकर ठेला व गुमटियों लगाने से ट्रैफिक की समस्या बढ़ी है। ऐसे में सकरी सड़कों पर गाड़ियों की भरमार और अस्त-व्यस्त ट्रैफिक के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ने लगा है।



शहर की लचर ट्रैफिक व्यवस्था लोगों के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। साल 2010 में शहर में जहां चलने के लिए 2800 किलोमीटर की सड़क हुआ करती थी, पिछले 14 साल में दो बड़ी सड़क केनाल रोड और एक्सप्रेस वे बनने के बाद और कुछ बायपास सड़क निर्माण होने के बावजूद भी यह ट्रैफिक नियम के अनुसार पर्याप्त नहीं हैं। जानकारों का कहना है दशकभर बाद शहर में गाड़ियों की संख्या दोगुना हो गई है। सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2001 में जहां शहर में 31 हजार गाड़ियों रजिस्टर्ड हुआ करती थी, 2011 में इनकी संख्या बढ़कर 5 लाख जा पहुंची। 2011 से लेकर 2024 तक 17 लाख गाड़ियां रजिस्टर्ड हुईं, जबकि सड़कों के विस्तार की स्थिति पर नजर डालें, तो वह 2011 में 2900 किलोमीटर दायरे की थी। साल 2024 में इसका दायरा बढ़कर 3500 किलोमीटर हुआ, जो कि वाहनों की संख्या हिसाब से काफी कम है। हालत ये है कि मुख्य मार्ग से लेकर वीआईपी चौक तक ट्रैफिक का दबाव पहले से काफी ज्यादा बढ़ गया है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बैंक मैनेजर की बाइक पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** बैंक के बाहर मैनेजर ने अपने बाइक को खड़ा किया था। लंच होने के बाद बाहर निकलने के बाद उनकी बाइक गायब मिली। आसपास खोजबीन करने पर बाइक नहीं मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस से किया। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सिंधिया नगर साकेत कॉलोनी दुर्ग निवासी यशराज सोनी सिविक सेंटर एसबीआई ब्रांच के सीनियर बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर है। अपनी बाइक सीजी-07 बीएस 1835 से घर से बैंक पहुंचे। बाइक को बैंक के बाहर खड़ा कर दिया और बैंक के कार्य में जुट गए। दोपहर 2 बजे लंच होने के बाद बैंक के बाहर निकलने पर जहां बाइक को खड़ा किया था। गायब मिला। आसपास खोजबीन कर सीसीटीवी कैमरा को भी चेक किया गया। लेकिन बाइक की कोई जानकारी नहीं मिल पाई। शिकायत के बाद भिलाई नगर पुलिस बाइक चोर की तलाश आसापस में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाल रही है।

### लैब टेक्निशियन ने कॉलेज के कमरे में लगाई फांसी

**भिलाई।** कॉलेज के लैब टेक्नीशियन ने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मृतक के जेब से सुसायडल नोट भी पुलिस ने जब्त किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 में केमेस्ट्री लैब रुम में महाविद्यालय में ही लैब टेक्नीशियन पद पर कार्यरत पदुम नगर भिलाई तीन निवासी तिरुपति रामटेके ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। लैब टेक्नीशियन तिरुपति रामटेके का शव लैब के कमरे में फांसी पर लटकी मिली। खबर लगने पर कालेज प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर एएसपी शहर सुखनंदन राठौर,सीएसपी छावनी हरीश पाटिल टीआई महेश कुमार ध्रुव अपनी टीम के साथ पहुंचे। सुबह 9 बजे अपने घर से तिरुपति रामटेके कॉलेज पहुंचा और जरुरी काम का हवाला देकर चपरासी से अपना कमरा खोलने के लिए बोला था। जब कॉलेज के अन्य स्टाफ अपने समय पर पहुंचने लगे तो उन्होंने केमेस्ट्री लैब में तिरुपति रामटेके को फांसी पर लटका देखा।

### ग्राम मुंदेरा में एनएसएस स्वयंसेवकों ने की सफाई

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों का सात दिवसीय शिविर समीपस्थ ग्राम मुंदेरा में आयोजित किया गया है। जहां शिविर के तीसरे दिन रविवार को परियोजना कार्य के अंतर्गत स्कूल प्रांगण की साफ सफाई, सोखता रिपेयरिंग, निस्तारित तालाबों के महिला घाट, पुरुष घाट के आस पास की सफाई किया गया साथ ही सार्वजनिक शौचालय के आस पास परिसर की सफाई सरपंच कमलेश साहू ग्राम पंचायत मुंदेरा के मार्गदर्शन में की गई। तृतीय दिवस के दूसरे पहर बौद्धिक परिचर्चा में कार्यक्रम अधिकारी गुण्डरदेही संजय शुक्ला, अध्यक्ष तहसील साहू संघ अर्जुंदा उमाशंकर साहू, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ बच्चों के करियर गाइडलाइन पंकज चौधरी, संस्कार, अनुशासन, जीवन के उद्देश्य, लक्ष्य निर्धारण तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संपूर्ण जानकारी दी गई।

### ग्राम ओटेबंद में मां कर्मा भवन का विधायक दीपेश ने किया लोकार्पण

# सर्वसुविधायुक्त भवन बनने से सामाजिक व सुख-दुख के कार्यक्रमों में होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम ओटेबंद में माँ कर्मा भवन का विधायक दीपेश साहू ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापित की गई। इस सर्वसुविधायुक्त भवन से शादी ब्याह जैसे बड़े कार्यक्रम हो सकेंगे। कार्यक्रम में पहुँचे अतिथियों का ओटेबंद साहू समाज की ओर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। युवाओं की टोली ने मंच तक बाजे-गाजे के साथ विधायक का स्वागत अभिनन्दन किया। समाज की महिलाओं ने माँ कर्मा के आरती के बाद मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस दौरान पूरा भवन जय कर्मा जय राजिम के जयकारे से गूंज उठा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि जनहित एवं क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। नए भवन लोकार्पण होने से सामाजिक एवं सुख दुख के विभिन्न कार्यक्रमों में



समाज के लोगों को सुविधा मिलेगी। विष्णुदेव साय सरकार में सभी समाजों की मांग के अनुरूप निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। एक साल में ही कई बड़ी सौगात दी गई है। उन्होंने सामाजिक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए साहू समाज द्वारा किये गए रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज के बुजुर्गों को युवाओं को साथ लेकर स्वच्छ एवं कुरीतियों से मुक्त समाज निर्माण को लेकर आव्हान किया।

इस दौरान उपस्थित समाज की महिलाओं की बेटियों को संस्कारित एवं शिक्षित बनाने अपील की। नवनिर्मित समाज का भवन समाज की एकता और प्रगति का प्रतीक बने इसके लिए शुभकामनायें दी। इस अवसर पर इस दौरान हरिराम साहू सरपंच, छोटेलाल साहू अध्यक्ष तहसील बेमेतरा, रोहित साहू, भागीरथी साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, छोटू राम साहू साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, खेलूराम साहू, हरिराम साहू, आसाराम साहू, कमल नारायण साहू, रोहित साहू, दिलेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग व ग्रामवासी उपस्थित थे।



# थान खम्हरिया पहुंचा निक्षय निरामय रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ सामाजिक कार्यकर्ता निक्षय मित्र रुद्रेश अग्रवाल ने 50 मरीजों को भेंट किया पोषण आहार

भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश अनुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत टीबी, कुष्ठ खोज अभियान एवं वयोवृद्ध देख भाल के अंतर्गत लगातार साजा विकास खंड में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

इस अभीयान के अंतर्गत प्रथम चरण में 7 दिसम्बर से 22 जनवरी 2025 तक डोर टू डोर घर घर जा कर संभावित टीबी एवं कुष्ठ मरीजों का सर्वे कर व वयोवृद्ध की देख भाल की जा रही है।

अभियान के दौरान दूसरे चरण 23 दिसम्बर से 28 फरवरी 2025 सर्वे से प्राप्त संभावित मरीजों का टूनाट टेस्ट चेस्ट एक्सरे, बलगम (खखार) जाँच स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया जाना है। तीसरे चरण 1 मार्च से 15 मार्च में जनभागीदारी प्रचार प्रसार कर टीबी एवं कुष्ठ मरीजों व वयोवृद्ध को दवाई इलाज शुरू करना एवं ग्राम वनरेबल ग्रुपों के मध्य आस-आप स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना है, चौथा एवं अंतिम चरण 16 मार्च से 23 मार्च 2024 अंतिम रिपोर्टिंग एवं जन भागीदारी प्रचार प्रसार किया जाना प्रस्तावित है। वनरेबल (असुरक्षित समूह) में शराब का सेवन करने वाले, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्ध, शुगर से ग्रसित व्यक्ति, पूर्व उपचारित मरीज, अन्य बीमारियों से ग्रसित इत्यादि साजा ब्लॉक में अभी सर्वे के दौरान 39 हजार 206 वनरेबल (असुरक्षित समूह) ग्रुप प्राप्त हुआ है। टू-नाट एवं चेस्ट एक्सरे अन्य जाँच 320 लोगों का किया जा चुका है, जिसमें 17 नये मरीज भी सर्वे के दौरान प्राप्त हुये है, रुद्रेश अग्रवाल थान खम्हरिया द्वारा लगातार टीबी के मरीजों को पोषण खाद्य सामान उपलब्ध कर सहयोग किया जा रहा है।

कार्यक्रम में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.रश्मि सिंह ठाकुर, डॉ प्रियंका श्रवण,डॉ मनीष ठाकुर, डॉ कल्पना अग्रवाल, रुद्रेश अग्रवाल, अनिल सिघानिया, नरसिंग चंद्राकर, ईश्वर अग्रवाल,शुभम, अंशु अग्रवाल,साजा ब्लॉक वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक पुरन दास, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर गुलाब साहू, ब्लॉक समन्वय मितानिन कार्यक्रम सपना चौबे, बलदाऊ सिंह राजपुत, समस्त मितानिन ट्रैनर, सहित समस्त मितानिन बहनें उपस्थित थीं।

## भाजपा ने चेमन को सौंपी बालोद जिलाध्यक्ष की कमान नए सेनापति का नाम जानने उमड़े कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा संगठन के संगठन पर्व के तीसरे चरण में रविवार को जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई। चुनाव प्रभारी नीलू शर्मा ने चेमन देशमुख के नाम की घोषणा की। अब जिले के तीनों विधानसभा से एक–एक सदस्य को प्रदेश सदस्य के लिए नामित करने की प्रक्रिया होगी, उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव अगले चरण में होगा। रविवार को भाजपा अध्यक्ष पद के नाम को लेकर भारी गहमा गहमी थी। जिला अध्यक्ष पद के लिए जिले के कार्यकर्ताओं से रायसुमारी के बाद संभावित नामों का पैनल प्रदेश कार्यालय भेजा गया था, वहां से बंद लिफाफा में जिला अध्यक्ष के नाम लेकर जिला चुनाव प्रभारी पहुंचे थे।

उन्होंने सबके सामने बंद लिफाफा खोला। आगामी जिला अध्यक्ष को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में इतना उत्साह था कि सैकड़ों कार्यकर्ता जिला कार्यालय पहुंचे हुए थे। जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की इतनी संख्या हो गई कि विशाल हाल छोटा पड़ गया, कुर्सियां कम पड़ गईं।

## जुआ खेलते या शराब पीते पाए जाने पर देना होगा 1000 रुपए जुर्माना

■ अकलवारा में ग्राम स्वच्छता व सुरक्षा समिति का किया गया गठन

**बेमेतरा।** साजा विकासखंड के ग्राम अकलवारा में ग्राम के नवयुवकों व नागरिकों ने अपने गांव में स्वच्छता एवं ग्राम सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक समिति का गठन किया है। इसके अंतर्गत ग्राम के सार्वजनिक स्थलों में, जैसे मंदिर प्रांगण, स्कूल, गोठान, पंचायत भवन, चौक, चौराहा आदि स्थलों में मदिरा पान करते पाए जाने पर, साथ ही ताश पत्ती, जुआ चौसर, पासा आदि खेलने पे ए जाने पर ग्राम समिति के द्वारा 1000 की जुर्माना एवं ग्रामीण समिति की बैठक में जो निर्णय होगा उसके अनुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही शादी विवाह, मंडाई, मेला आदि उत्सव के अवसर पर मदिरा पान करके हुल्लड़ करना, मारपीट, गाली गलौच करते पाए जाने पर 1000 की जुर्माना राशि से दंडित किया जाएगा। साथ ही साथ ग्राम सुरक्षा समिति के द्वारा बैठक आयोजित कर अलग से दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। ग्राम के कृषि भूमि में पेड़ पौधे या लकड़ी काटते पाए जाने पर तथा चना भाजी, तिवरा भाजी तोड़ते पाए जाने पर ग्राम में बैठक पर उचित कार्यवाही की जाएगी तथा 500 की राशि से आर्थिक जुर्माना वसूली की जावेगी। इसका असर भी अब गाँव में दिखता नजर आ रहा है। ग्राम में आयोजित नवधा रामायण समारोह और उसके पश्चात हुआ मेला मंडई का आयोजन अत्यंत ही शांतिपूर्वक और सुव्यवस्थित ढंग से हुआ। अब ग्रामवासी बहुत खुश हैं।

## ब्लॉक मनरेगा मेट संघ की बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ कल होगी जोन पदाधिकारियों की बैठक

ब्लॉक मनरेगा मेंट संघ की मासिक बैठक मां दंतेश्वरी प्रांगण डौंडीलोहारा में रखी गई। बैठक में संघ को मजबूती एवं गति प्रदान करने के संबंध में चर्चा की गई। इसके तहत आगामी 7 जनवरी को जो न पदाधिकारियों की बैठक मां दंतेश्वरी प्रांगण डौंडीलोहारा में रखी गई है। जोन वार पदाधिकारी दुधली जोन कीर्तन देवांगन, प्रीतम साहू, कविता चतुर्वेदी ,विशाल देवांगन ,जाटादाह जोन जगतपाल सिन्हा, विशाल केसरिया, संबलपुर जोन संतराम साहू, पेरमू नायक भीमकन्हार जोन नकुल चंद्राकर, लता सांथर, संतलाल यादव, सुरेगांव जोन ओंकार साहू, सूरज बली देवांगन, सुनीता चंद्राकर, सीमा साहू ,रानाखुज्जी जोन भूषण लाल बासुरिया, प्रमिला बघेल भंवरमरा जोन नेहरू कोसमा, परमेश्वर कोर्राम रेंगाडबरी जोन विष्णु कोठारी ,अमीर दास कृषाणे कोडेकसा जोन पुरंजन साहू, देवरी जोन राजेन्द्र राणा , खेमराज देवांगन जेवरतला जोन



शिवकुमार पटेल ,परसराम एवं पिनकापार जोन के पदाधिकारी। मेट संघ के सहसचिव प्रीतम साहू ने कहा कि आगामी 7 जनवरी के बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित हों एवं अपने साथ अधिक से अधिक संख्या में मेंट साथियों को लेकर आये हम सभी मेंट संघ को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं और विभिन्न प्रकार के समस्याओं का निराकरण के लिए जनपद से लेकर जिला पंचायत, प्रदेश स्तर एवं केंद्र सरकार तक सांसद के माध्यम से हम लोग ज्ञापन दे चुके हैं और हमारा जो छत्तीसगढ़ प्रदेश मनरेगा मेंट संघ, जिला मनरेगा मेट संघ बहुत ही गंभीरता से मेंट साथियों के समस्याओं को ज्ञापन के माध्यम से जनप्रतिनिधि तक मांग के रूप में रख रहे हैं। आप लोग भी जब भी मीटिंग होती है तो अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

बैठक में विष्णु कोठारी अध्यक्ष, कीर्तन देवांगन उपाध्यक्ष, ढालसिंह साहू सचिव, प्रीतम साहू सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी, राजेंद्र राणा, नेहरू कोसमा, शिवकुमार पटेल, नोहर सिंह साहू, नकुल चंद्राकर, पांचो मंडावी, फूलमती साहू एवं अन्य मेंट साथी उपस्थित हुए।

## परिवहन व यातायात विभाग ने की स्कूल बसों की जांच, खामियां सुधारने दिया सप्ताहभर का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ सड़क सुरक्षा माह के दौरान चलाया जा रहा है विशेष जांच अभियान

यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान आरटीओ एवं यातायात विभाग बालोद संयुक्त रूप से जिले में संचालित स्कूली बसों की चेकिंग एवं नेत्र, स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

संयुक्त चेकिंग के दौरान जिले में संचालित 38 स्कूल बसों का निरीक्षण एवं 50 वाहन चालक, परिचालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच की गई। स्कूली बसों में खामी पाए जाने पर स्कूली बस संचालकों को खामीपूर्ति कर अवगत कराने निर्देश दिए गए। यातायात जागरूकता रथ के माध्यम राजहरा के साप्ताहिक बजार में पाम्पलेट वितरण कर आम जनों को जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के साथ–साथ 23 लापरवाह वाहन चालकों पर 7600 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई।

जिले में 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। 05 जनवरी को परिवहन विभाग बालोद एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 38 स्कूली बसों




**जारी रहेगा जांच अभियान**

पुलिस ने कहा है कि यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान मेला मड़ई में जागरूकता कार्यक्रम, समझाईश अभियान एवं वाहन चेकिंग अभियान बालोद पुलिस द्वारा लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखने की अपील की गई।

का निरीक्षण परिवहन कार्यालय बालोद के सामने किया गया है। स्कूली बसों के निरीक्षण के दौरान बसों को माननीय सुप्रीम कोर्ट के गाईडलाइन के अनुसार फर्स्ट एड बॉक्स, पैनिक बटन, इमरजेंसी डोर, सीसीटीवी कैमरा दुरूस्त रखने डायल 112 पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर बोर्ड में लिखवाने, नर्सरी एवं छोटे बच्चों के लिए महिला परिचालिका रखने, स्कूली बस्तों को रखने के लिए पर्याप्त स्थान रखने संबंधी महत्वपूर्ण निर्देशों के अनुरूप बसों को चेक किया गया। खामी पाएं जाने वाले हिदायत दी गई है कि 07 दिवस के अंदर खामीपूर्ति कर परिवहन विभाग बालोद को अवगत कराने सख्त निर्देश दिया गया है। स्कूली बस चालक, परिचालकों को वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों को पालन करने, संयमित गति से वाहन चलाने, जिम्मेदार नागरिक बनने, सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक रहने की हिदायत दिया गया साथ ही जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने कर्तव्यों के प्रति सजगता से पालन करने की समझाईश दी गई।

संयुक्त निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन अधिकारी बालोद प्रकाश रावटे, निरीक्षक प्रभारी यातायात बालोद राकेश ठाकुर, आरटीओ बालोद एवं यातायात स्टॉफ, विभिन्न स्कूलो के बस चालक एवं संचालक उपस्थित थे। यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान 05 जनवरी को यातायात जागरूकता रथ दल्लीराजहरा के साप्ताहिक बाजार एवं जैन चौक में पहुंचकर आम जनों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया एंव सड़क सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का स्वंय पालन करने साथ ही अपने प्रियजनों एवं अन्य व्यक्तियों को भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया गया है। यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान जागरूकता कार्यक्रम के साथ–साथ लापरवाह वाहनों चालकों पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल लापरवाह 23 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर 7600 रूपए वसूल किया गया है।

### अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत मॉडल्स का करेंगे प्रदर्शन

# राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में शामिल होंगे आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षिक नवाचार करते हुए विभिन्न विषयों को लेकर विज्ञान मॉडलों का निर्माण किया जा रहा है। अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में शाला के छात्र पुष्पराज, प्रियांश, टिशा का मॉडल टीथ ऑडियो सिस्टम और स्मार्ट टॉयलेट फ्लश को लेकर, लोकेंद्र, पुष्कर, निखिल शामिल होंगे। अटल टिंकरिंग लैब



के प्रभारी शिक्षक पंकज सोनी ने बताया कि संस्था में स्थापित एटीएल में विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक्स, ओपन–सोर्स माइक्रोकंट्रोलर बोर्ड, सेंसर, और 3डी प्रिंटर आदि जैसे उपकरण होते हैं जिसके द्वारा लैब में छात्र अपने विचारों को आकार देकर नवाचार कौशल सीखते हैं। इस लैब में वर्ष भर शाला के बच्चे विभिन्न प्रकार के मॉडल का निर्माण करने में सहायता प्राप्त करते हैं।

**स्कूल ऑफ द मंथ भी चुना जा चुका है विद्यालय**

संस्था के प्राचार्य अरूण कुमार साहू ने कहा कि विज्ञान एक सुव्यवस्थित और व्यवस्थित रूप से किए गए प्रयोगों, अवलोकनों और शोध के साथ विश्वासों को तथ्यों में सोचने, जांच करने और सिद्ध करने की एक विधि है। यह सत्यापित तथ्यों, सिद्धांतों और नियमों पर आधारित है जिसका उद्देश्य छात्रों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक स्वभाव और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग
4 रात व 5 दिन Ex जम्मू
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 20 मार्च से 24 मार्च 2025, 10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport